पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

राज्यपाल ने 'उत्तर प्रदेश सतत विकास रिपोर्ट 2022' का किया लोकार्पण

लखनऊ : 19 जुलाई, 2022

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज राजभवन में लखनऊ विश्वविद्यालय के विकास विज्ञान संस्थान एवं अर्थशास्त्र विभाग द्वारा तैयार 'उत्तर प्रदेश सतत विकास रिपोर्ट–२०२२' का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर राज्यपाल जी ने रिपोर्ट तैयार करने में मुख्य भूमिका निभाने वाले लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति तथा अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष तथा विकास विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो. मनोज कुमार अग्रवाल को बधाई देते हुए इस श्रृंखला को जारी रखने का सुझाव दिया। राज्यपाल जी ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय से यह भी कहा कि वह ग्राम्य एवं विकास खंड स्तर पर इस तरह के मूल्यांकन को ले जाएँ ताकि प्रदेश सरकार द्वारा स्पष्ट कार्य योजना निर्धारित की जा सके जो एक रोल मॉडल के रूप में स्थापित हो और उत्तर प्रदेश का सर्वांगींण विकास हो सके।

ज्ञातव्य है कि यह सतत विकास रिपोर्ट–२०२२ नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के सहयोग से तैयार की गयी है। इस रिपोर्ट में संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिपादित 17 सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप उत्तर प्रदेश के विकास का मूल्यांकन करना था, जिसकी निगरानी नीति आयोग, भारत सरकार कर रहा है। यह एक वृहद एवं शोधपरक रिपोर्ट है, जिसमें प्रदेश सरकार के लिए नीतिगत सुझाव भी दिये गए हैं।

इस नीतिपरक सतत विकास रिपोर्ट– 2022 के लोकार्पण अवसर पर अन्य गणमान्य महानुभाव भी उपस्थित थे।

चंद्र विजय वर्मा
सूचना अधिकारी/राजभवन (281/37)
सम्पर्क सूत्र 7705800957